p>

Title: Request to government to given 10% - 20% weightage for government school stdeunts in group C & D job in govt. job.

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

आज सम्पूर्ण देश में सरकारी विद्यालयों की स्थिति अत्यंत खराब है । सभी लोगों में निजी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है, जिसका फायदा उठाकर देश में शिक्षा माफिया सक्रिय हो गए हैं और अब शिक्षा सेवा न होकर मेवा कमाने का साधन बन चुकी है ।

मोदी सरकार ने जिस प्रकार से ग्रुप 'बी' और 'सी' की नौकरियों में इंटरव्यू की व्यवस्था को समाप्त करके नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने का कार्य किया है, उसी प्रकार से यदि हम ग्रुप 'बी' और 'सी' की नौकरियों में सरकारी विद्यालयों से पढ़े हुए अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में 10 परसेंट या 20 परसेंट अंकों का भारांक (वेटेज) देने की व्यवस्था लागू करें तो लोगों में अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने की रुचि बढ़ेगी और धीरे-धीरे लोग वापस सरकारी विद्यालयों की ओर लौटने लगेंगे ।

इससे सरकारी विद्यालयों के परिणाम भी बेहतर होंगे, क्योंकि आजकल ज्यादातर क्रीम यानी अच्छे बच्चे प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ रहे हैं और इसी कारणवश देश में प्राइवेट विद्यालय सरकारी विद्यालयों से बेहतर परिणाम दे रहे हैं ।…(व्यवधान)

महोदय, यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा है । मुझे कुछ मिनट का समय और दीजिए । हम सभी भली भाँति जानते हैं कि आज भी सिविल सर्विस में ग्रामीण और पिछड़े जिलों के बच्चे ज्यादा संख्या में चयनित होकर आ रहे हैं ।

मेरा सरकार से आग्रह है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करके और आपसी विचार-विमर्श के बाद आम सहमति के साथ इसे अतिशीघ्र लागू किया जाए । धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Dr. Sukanta Majumdar.